अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

(हिंदी अनुभाग)

फा.सं.5-1/2026-हिं.अ.

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

दिनांक: 18-08-2026

## परिपत्र

**विषय: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में विभागों/अनुभागों/केन्द्रों द्वारा हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने पर अंत:विभागीय राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता।**

संस्थान में दिनांक 16.09.2026 से 30.09.2026 तक "हिंदी पखवाड़ा" मनाया जाना प्रस्तावित है। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़े के अवसर पर दिनांक 22 अगस्त, 2026 से 21 सितम्बर, 2026 तक एक माह की अंत:विभागीय हिंदी नोटिंग-ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

इस प्रतियोगिता की अवधि के बाद दिनांक 25 सितंबर, 2026 को निरीक्षण दल द्वारा सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र द्वारा हिंदी में किए गए कार्य का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण दल द्वारा घोषित परिणाम अन्तिम माना जाएगा और निरीक्षण दल द्वारा घोषित परिणाम के आधार पर राजभाषा शील्ड प्रदान की जाएगी। किसी विभाग/अनुभाग/केन्द्र द्वारा यह राजभाषा शील्ड लगातार 3 वर्षों तक जीत लेने पर यह संबंधित विभाग/अनुभाग/केन्द्र की मान ली जाएगी।

अत: सभी केन्द्र-प्रमुख तथा विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण से अनुरोध है कि वे राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता के तहत अपने सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र के सभी कर्मचारियों को उक्त अवधि में अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिंदी में करने हेतु प्रेरित करें।

दिव्या

**(दिव्या यानामदाला)**
**वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं**
**राजभाषा अधिकारी**

**वितरण** :- सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।

**प्रतिलिपि:-**

1. निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदया के निजी सचिव।
2. अपर निदेशक (प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया के निजी सचिव।
3. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
4. प्रभारी-संकाय, कंप्यूटर सुविधा- कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।